## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 26.08.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री कल खेलो इंडिया डायलॉग को करेंगे संबोधित, राज्य के सोलह महाविद्यालयों के युवा प्रतिनिधि वर्चुअल संवाद में होंगे शामिल।**
2. **पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने डीएमएफटी फंड के दुरूपयोग का लगाया आरोप, कहा–खनन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव।**
3. **जेपीएससी जेएसएससी रिफॉर्म मंच की छात्रा का प्रशासन पर आंदोलनकारी छात्रों का परेशान करने का आरोप, भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा पहुंची कोडरमा।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकला का ईद–ए–मिलाद–उन–नबी का जुलूस, हजरत मोहम्मद के संदेशों को किया गया याद।**
5. **बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का राज्य में दिख रहा असर, गढ़वा और पलामू समेत छह जिले में कल भारी बारिश की चेतावनी।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'खेलो इंडिया डायलॉग' को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत 'मेरा युवा भारत' माय भारत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महाविद्यालयों के युवा हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत की खेल यात्रा से जोड़ना, उनकी आकांक्षाओं को समझना और युवा नेतृत्व के जरिए विकसित भारत के निर्माण में उनके विचारों को शामिल करना है।

*******************

मेरा युवा भारत, माय भारत झारखंड की निदेशक ललिता कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर राज्य के सोलह महाविद्यालयों में युवा जन प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में युवाओं को विकसित भारत और 2036 ओलंपिक को लेकर अपने सुझाव देने का मौका मिलेगा। युवा क्यूआर कोड के जरिए अपने सुझाव साझा कर सकेंगे।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य गठबंधन की सरकार पर हमला बोला है। श्री दास ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में राज्य में डीएमएफटी फंड के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने खनन प्रभावित जिलों के लिए डिस्ट्रिक माइनिंग फंड का एलॉटमेंट को अतिरिक्त तीस फीसदी बढ़ा दिया है। इसके बावजूद खनन प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

*******************

जेपीएससी जेएसएससी रिफॉर्म मंच की आंदोलनकारी छात्रा अमीषा प्रसाद ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आज रांची में प्रेसवार्ता में आंदोलनकारियों के खिलाफ कथित तौर पर झूठे मुकदमे दर्ज कर छात्रों और युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। अमीषा ने झूठे मुकदमें में छात्रों को फंसाये जाने की निंदा की है।

*******************

भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा के तीसरे दिन की शुरुआत आज चतरा के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर से हुई। यह यात्रा चतरा से हजारीबाग होते हुए कोडरमा पहुंची। इस दौरान हजारीबाग के पद्मा, इटखोरी, चौपारण, बरही, सिंगवारा होते हुए कोडरमा पहुंची, जहां कई स्थानों पर छात्रों ने स्वागत किया और प्रतियोगी परीक्षाओं में सुधार की मांग का समर्थन किया। कोडरमा से देर शाम यात्रा गिरिडीह के लिए रवाना होगी।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के० रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को मतदाता सूची में उम्र से संबंधित विसंगतियों की सुनवाई और निष्पादन नियमानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने कहा है कि कोई विदेशी नागरिक खतियान अथवा वंशावली में छेड़छाड़ कर स्वयं को भारतीय नागरिक अथवा किसी परिवार का वंशज दर्शाकर मतदाता सूची में शामिल होने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना संबंधित

ईआरओ को अवश्य दें। उन्होंने एक ही माता–पिता की एक से अधिक संतानों के जन्म और उम्र से संबंधित दस्तावेजों की विसंगतियों को भी दूर करने का निर्देश दिया है।

*******************

मोबाइल से चंद सेकेंड में होने वाला भुगतान न खुले पैसों की चिंता और ना ही लंबी प्रकिया। भारत की डिजिटल भुगतान व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने दस वर्ष का सफर तय कर लिया है। सिमडेगा चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के सचिव दीपक अग्रवाल रिंकू ने यूपीआई के दस वर्ष पूरे होने पर खुशी जताई है और केन्द्र सरकार के प्रति अभार जताया है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज पैंगम्बर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन ईद–ए–मिलाद–उन–नबी धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर राजधानी रांची के अलावा पाकुड़ और पलामू समेत राज्य के विभिन्न जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान पैगंबर मोहम्मद के संदेश को याद किया गया। मौलाना आजाद कॉलेज रांची के प्रोफेसर अब्दुल्ला कासमी खातिब ने बताया कि हजरत मोहम्मद के बताये मार्ग पर हमें चलने की जरूरत है।

*******************

ईद–ए–मिलाद–उन–नबी के मौके पर गिरिडीह में आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शहर के विभिन्न इलाकों से मोहम्मदिया जुलूस निकाला गया, जो नगर भ्रमण करते हुए बरवाडीह मैदान पहुंचा। जुलूस में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार भी शरीक हुए और लोगों को ईद–ए–मिलाद–उन–नबी की शुभकामनाएं दी।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में रक्षाबंधन पर्व के सिलसिले में आज पुलिसकर्मियों और समाज के बीच भाईचारे तथा विश्वास का एक खूबसूरत संदेश देखने को मिला। चक्रधरपुर थाना परिसर में गैर सरकारी संगठन एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन करंजो की ओर से रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर विश्वास और भाईचारे का संदेश दिया।

*******************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आगामी तीस अगस्त तक गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार कल गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, हजारीबाग और कोडरमा जिले में कहीं–कहीं पर गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं 28 अगस्त को चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। इस दौरान आंधी और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******समाप्त*******